

प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

# शाहजहांपुर में खड़ी रोडवेज बस से टकराई मौलाना तौकीर रजा के बेटे की कार



शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के बेटे फरहान की कार कछियानी खेड़ा मंदिर के पास खड़ी रोडवेज बस से टकरा गई। फरहान को मामूली चोटें आई हैं। उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। उसकी कार की तलाशी के दौरान बैग से ड्रग्स मिली है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।शाहजहांपुर में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर तिलहर थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब 07:30 बजे बरेली बवाल के आरोपी आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के बेटे फरमान की कार कछियानी खेड़ा मंदिर के सामने खड़ी रोडवेज बस से टकरा गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें आधा ग्राम क्रिस्टल ड्रग्स बरामद हुई। ड्रग्स के इस्तेमाल के लिए सिरिंज भी मिली है। इसके बाद फरमान का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।बरेली के थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिहारीपुर का रहने वाला फरमान रजा अपनी कार से बरेली की ओर जा रहा था। शाम करीब 7:30 बजे हरिद्वार जा रही सीतापुर डिपो की रोडवेज बस के चालक ने बस को कछियानी खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर के सामने खड़ा कर दिया

# छावनी बना दिल्ली का तुर्कमान गेट

## मस्जिद के पास बुलडोजर एक्शन, भीड़ ने किया पुलिस पर पथराव; आंसू गैस का प्रयोग



दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास का अतिक्रमण एमसीडी ने बुलडोजर चलाकर हटा दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया और कुछ लोगों ने पथराव भी किया लेकिन पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हालात काबू किए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे।देश की राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण पर एमसीडी की बुलडोजर कार्रवाई की। MCD ने दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। देर रात हुई कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। देखते ही देखते भीड़ आक्रोशित हो गई। भीड़ ने पुलिस और कार्रवाई कर रही टीम पर पथराव कर दिया। पथराव के बाद इलाके में तनाव का माहौल हो गया। हालांकि पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई के दौरान कुछ उपद्रवियों ने पत्थराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हालात काबू किए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

# कन्नौज जेल कांड




## रात नहीं, सुबह भागे थे अंकित-शिवा...CCTV से सामने आया नया तथ्य; फुटेज ने बदली पूरी टाइमलाइन

कन्नौज में जिला से जेल से दो कैदियों के भागने के मामले में नया मोड़ आ गया है। कैदी अंकित और शिवा रविवार की रात में नहीं, सोमवार की सुबह भागे थे। जेल में मिले सीसीटीवी फुटेज ने घटना की टाइमलाइन बदल दी है। दोनों बंदी सोमवार को सुबह 9:22 तक जेल के कैमरों में देखे गए थे।कन्नौज जिला कारागार से दो बंदियों के भागने के मामले में नया तथ्य सामने आया है। दोनों बंदी रविवार रात को नहीं सोमवार सुबह जेल की दीवार फांदकर भागे थे। जेल के सीसीटीवी फुटेज से इसका खुलासा हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में दोनों बंदी सोमवार सुबह 9:22 बजे तक जेल परिसर में मौजूद दिखाई दे रहे हैं।जेल रिकॉर्ड के अनुसार, सोमवार सुबह 9:35 बजे बिजली आपूर्ति बाधित हुई और सीसीटीवी कैमरे बंद हो गए। अनुमान लगाया जा रहा है कि बंदियों को मालूम था कि सीसीटीवी फुटेज का इन्वर्टर से कनेक्शन नहीं है, इसी का फायदा उठाकर दोनों फरार हो गए।

# कर्नाटक में महिला भाजपा कार्यकर्ता के साथ पुलिस की झड़प,




## कर्नाटक में महिला भाजपा कार्यकर्ता के साथ पुलिस की झड़प, हिरासत के दौरान कपड़े फाड़े जाने का आरोप

कर्नाटक के हुबली में प्रदर्शन के दौरान भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता के साथ कथित बदसलूकी का मामला सामने आया है। आरोप है कि हिरासत के दौरान पुलिस ने महिला के कपड़े फाड़े दिए।कर्नाटक के हुबली शहर में मंगलवार को उस समय हंगामा मच गया जब भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता के साथ पुलिस हिरासत के दौरान कथित बदसलूकी का मामला सामने आया। आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के समय महिला के साथ हाथापाई हुई और उसके कपड़े फाड़ दिए गए।घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि महिला कार्यकर्ता एक बस के अंदर मौजूद है और उसे पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों ने चारों ओर से घेर रखा है। वीडियो में महिला आपत्ति जताते और विरोध करते हुए दिखाई देती है। इसी दौरान कथित तौर पर उसके साथ धक्का-मुक्की की गई।

# बांग्लादेश में हिंदू विरोधी हिंसा पर सेलिब्रिटियों की चुप्पी पर उठे सवाल



आईसीजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सवाल किसी अभिनेता या अभिनेत्री के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह नैतिकता का मामला है। आईसीजी की रिपोर्ट में इसे कड़वी लेकिन अहम सच्चाई बताया गया है।अंतरराष्ट्रीय संघर्षों पर सार्वजनिक हस्तियों की प्रतिक्रियाएं अक्सर मानवीय संवेदना के नाम पर आती हैं, पर हालिया घटनाक्रम असहज सवाल खड़ा करता है। इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप (आईसीजी) का आकलन है कि जब गाजा में इस्राइली सैन्य कार्रवाई के दौरान नागरिक हताहतों की खबरें आईं, तब भारतीय सेलिब्रिटी, विपक्षी नेता और वैश्विक मंच सक्रिय दिखे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तक युद्धविराम की कोशिशों में उतरे। लेकिन अब, जब बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की हत्याएं,मंदिरों में तोड़फोड़, घरों में आगजनी की रिपोर्टें सामने हैं, वही मुखरता गायब है। आईसीजी के अनुसार जब मानवाधिकारों की भाषा भू-राजनीति, पहचान-राजनीति या वैश्विक ट्रेंड से संचालित होने लगे, तब वह चयनात्मक नैतिकता का रूप ले लेती है। दक्षिण एशिया केंद्रित विश्लेषण बताते हैं कि अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा पर यदि सामाजिक व सार्वजनिक चुप्पी रहती है तो वह धीरे-धीरे सामान्यीकृत होने लगती है। यही वह बिंदु है जहां मौजूदा वैश्विक विमर्श पर सवाल खड़े होते हैं।विश्लेषण के अनुसार, गाजा संघर्ष के दौरान पश्चिमी मीडिया में नागरिक हताहतों की तस्वीरें, बच्चों व अस्पतालों पर हमलों की रिपोर्टें लगातार प्रसारित होती रहीं। राजनीतिक स्तर पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने नागरि

# Aaj Ka Rashifal 07 January

## इन राशियों की चमकेगी किस्मत और आय में जबरदस्त वृद्धि के योग



07 January Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 07 जनवरी 2026 का राशिफल।Aaj Ka Rashifal 07 January 2026: आज 7 जनवरी, बुधवार का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर सिंह राशि और मघा नक्षत्र में हुआ है फिर इसके बाद पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में होगा। आज के दिन चंद्रमा और केतु के बीच युति संबंध बनेगा।

### मेष

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। आपके जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में प्रमोशन आदि मिल सकता है। आप संतान के करियर को लेकर कोई सलाह मशवरा कर सकते हैं। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति की खरीदारी करने की प्लानिंग कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

### वृषभ

आज आपको काम को लेकर कुछ नए-नए अवसर मिलेंगे, जिससे आपको काम करने में भी खूब मजा आएगा और आप अपनी जिम्मेदारियां से भी घबराएंगे नहीं व उनका डटकर सामना करेंगे। यदि कोई समस्या आएगी, तो उसको लेकर मेहनत से बिल्कुल पीछे न हटें। आपको सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। आपको किसी बात को लेकर बेवजह उलझने से बचना होगा। आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं, जिसके लिए आप कोई लोन भी अप्लाई करने की सोचेंगे, जो आपको आसानी से मिल जाएगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए अपने कामों को समय से निपटाने के लिए रहेगा। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी और आप लोगों से अपने काम से काम मतलब रखेंगे, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। वाणी की सौम्यता आप पर बनी रहेगी। आपको बिजनेस में अपने प्रोडक्ट की क्वालिटी का पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि इससे आपकी छवि पर असर पड़ेगा। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आप किसी विरोधी के बातों में ना आएं।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपनी फिटनेस पर थोड़ा ध्यान दें। आपने यदि कोई लेनदेन किया है, तो आप उसे पूरी लिखापढ़ी करके करें, तो ही आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी कानूनी मामले में आप जल्दबाजी के कारण किसी समस्या में आ सकते हैं। सरकारी योजनाओं को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए यह रोमांटिक भरा रहेगा, जो उनको खुशी देगा। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपको अपने घर के पेंडिंग कामों को निपटाने के लिए समय निकालना होगा। आज आप इधर-उधर के कामों में ज्यादा ना लगे, इससे आपका व्यर्थ में समय बर्बाद ही होगा।

### कन्या

आज आप अपने कामों में कोई बदलाव करने से बचें। आपको घर-परिवार में चल रही समस्याओं को भी मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा, क्योंकि आपका कोई गुप्त राज परिवार के सदस्यों के सामने आ सकता है। परिवार में कुछ सदस्यों के विवाह में आ रही समस्या को दूर करने की आप पूरी कोशिश करेंगे। आपको अपनी जिम्मेदारियों को लेकर टेंशन अधिक रहेगी, जिन्हें आप एक-एक करके समाप्त करने की पूरी कोशिश करेंगे।

### तुला

आज का दिन आपके लिए धन के मामले में समस्याएं लेकर आ सकता है, क्योंकि आपका धन को लेकर कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है। बिजनेस की डील भी आप थोड़ा सोच समझकर ही फाइनल करें। आपको संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा, उनके करियर में भी कोई समस्या बढ़ सकती है। आपको अपने ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचाना होगा, नहीं तो उसे बेवजह की लड़ाई झगड़ा बढ़ेंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप कहीं विदेश जाने की भी योजना बना सकते हैं। आप यदि किसी परिजन के घर मेल-मिलाप करने जाएं, तो वहां बहुत ही तोलमोल कर बोले आपको अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आप अपने घर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। प्रेम और सहयोग की भावना को अपने से दूर ही रखें। आपको काम को लेकर कुछ उलझनें थी, तो वह भी दूर होंगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए रहेगा, जो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है, क्योंकि आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। आप अपने पार्टनर के साथ घूमने-फिरने के लिए समय निकालेंगे, जिससे दोनों का रिश्ता काफी बेहतर होगा और आप आगे तक की प्लानिंग करेंगे। आपको मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा।

### मकर

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा ना बनें, क्योंकि राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को कुछ मुश्किलों का सामना अवश्य करना पड़ेगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु खोने या चोरी होने का भय सता रहा है, इसलिए आप अपनी चीजों की रक्षा स्वयं करें। लव लाइफ के लिए यह सप्ताह काफी बेहतर रहेगा। करियर में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। पार्टनरशिप में काम करना भी आपके लिए बेहतर रहेगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आपकी सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा। आप अपने खाने-पीने में लापरवाही बिल्कुल ना करें। आप अपने कामों को लेकर काफी एक्टिव रहेंगे। बिजनेस में आप अपने विरोधियों पर नजर रखें। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएगी। वाहनों के प्रयोग से आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। आपकी किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा।

### मीन

आज आपको काम को लेकर टेंशन अधिक रहेगी, लेकिन आप उसे अपने ऊपर हावी होने ना दे। कार्य क्षेत्र में आपको काम को लेकर प्रशंसा होगी, जिससे आप काफी खुश होंगे। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं। भाई- बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपका किसी पुराने लेनदेन से भी छुटकारा मिलेगा और कोई कानूनी मामला आपको समस्या दे सकता है।

दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं।

# Delhi Pollution:

## फिर से बेहद खराब श्रेणी में राजधानी की फिजा, जानें आज कितना दर्ज किया एक्यूआई



दिल्ली की एयर क्वालिटी फिर से खराब होती जा रही है। बुधवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया है।राजधानी में हवा की गति सुस्त होने और पारा गिरने के चलते फिजा एक बार फिर से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, बुधवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 304 दर्ज किया गया है, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है।राजधानी के विभिन्न इलाकों में एक्यूआई की स्थिति पर नजर डालें तो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 284, आनंद विहार में 351, अशोक विहार में 319, आया नगर में 244, बवाना में 191, बुराड़ी में 273, और चांदनी चौक इलाके में 347 एक्यूआई दर्ज किया वहीं, डीटीयू इलाके में 303, द्वारका सेक्टर-8 में 334, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 242, आईटीओ में 296, जहांगीरपुरी में 346, लोधी रोड में 255, मुंडका में 334, नजफगढ़ में 281, नरेला में 298, पंजाबी बाग में 327, आरकेपुरम में 341, रोहिणी में 323, सोनिया विहार में 320, विवेक विहार में 335, और वजीरपुर में 327 एक्यूआई दर्ज किया गया है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में ही बरकरार रहेगी। इसके चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन ,खांसी और सिर दर्दजैसी समस्याओं का सामना करना पड़सकता है।

# Delhi: अतिक्रमण हटाने के लिए


## फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास चला बुलडोजर, लोग विरोध में; उपद्रवियों ने की पत्थरबाजी



इस कार्रवाई के दौरान, कुछ उपद्रवियों ने पत्थरबाजी करके अशांति फैलाने का प्रयास किया। पांच पुलिसकर्मी घायल बताए जाते हैं।तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास का अतिक्रमण एमसीडी ने बुलडोजर चलाकर आज तड़के हटा दिया। इसकी तैयारी निगम ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर कल ही कर ली थी। अतिक्रमण हटाने के लिए रात को बुलडोजर आ गए थे। सरकारी कर्मियों को अंदेशा था कि कुछ लोग इस काम में अड़चन पैदा करेंगे, लिहाजा तैयारी के साथ अतिक्रमण हटाया गया। स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया और कुछ लोगों ने पथराव भी किया लेकिन पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हालात काबू किए।सेंट्रल रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, एमसीडी ने 7 जनवरी, 2025 की तड़के दिल्ली के रामलीला मैदान के पास तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के निकट अतिक्रमित क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया। इस कार्रवाई के दौरान, कुछ उपद्रवियों ने पत्थरबाजी करके अशांति फैलाने का प्रयास किया। संयमित और न्यूनतम बल प्रयोग से स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लाया गया और बिना किसी तनाव के सामान्य स्थिति बहाल की गई। डीसीपी निधिन वलसन ने बताया कि कार्रवाई अभी जारी है। एमसीडी तोड़फोड़ कर रही है। हमने सुरक्षा के लिए अपने कर्मचारियों को तैनात कियाहै। कार्रवाई रातकरीब1बजेशुरूहुई। एमसीडी ने उच्चन्यायालय के आदेशानुसार अतिक्रमित भूमि पर तोड़फोड़ की। रात में पुलिस पर पत्थर फेंके गए। हमने उन्हें रोकने के लिए न्यूनतम बल का प्रयोग किया। इसके अलावा, पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से चली। चार से पांच अधिकारियों को मामूली चोटें आईं। सीसीटीवी फुटेज, ग्राउंड फुटेज और बॉडी कैमरा फुटेज मिलते ही हम उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को सैयद फैज इलाही मस्जिद और कब्रिस्तान से सटी जमीन पर कथित अतिक्रमण हटाने के अधिकारियों के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), शहरी विकास मंत्रालय के भूमि एवं विकास कार्यालय (एलएंडडीओ), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और दिल्ली वक्फ बोर्ड से जवाब मांगा है। गौरतलब है कि 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास एक कार में हुए उच्च तीव्रता वाले विस्फोट से पहले कथित आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी ने पुरानी दिल्ली की इस सदी पुरानी मस्जिद में 10 मिनट से अधिक समय बिताया था। इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने मस्जिद सैयद फैज इलाही की प्रबंधसमितिद्वारादाखिल याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कहा कि मामला विचारणीय है।


# चुनाव प्रचार करने वालों पर भड़क उठीं डेजी शाह





सलमान के साथ फिल्म 'जय हो' में नजर आईं एक्ट्रेस डेजी शाह ने मंगलवार देर रात एक सोशल मीडिया पोस्ट की, जिसमें वह बीजेपी का चुनाव प्रचार कर रहे लोगों पर भड़क रही हैं। इसके पीछे की वजह भी वह बताती हैं। डेजी शाह ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार देर तक दो पोस्ट शेयर की। एक पोस्ट में उनकी बिल्डिंग में हुए भयानक हादसे का वीडियो है। दूसरे वीडियो में वह बताती है कि यह भयानक हादसा क्यों हुआ। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई वीडियो में वह गुस्से में लाल नजर आती हैं। जानिए, डेजी शाह की बिल्डिंग में क्या हुआ? और वह क्यों चुनाव प्रचार करने वालों लोगों पर भड़क रही हैं। डेजी शाह ने पहला जो वीडियो पोस्ट किया, उसमें दिखाया कि उनकी बिल्डिंग के एक फ्लैट पर आग लगी है। यह फ्लैट डेजी शाह के फ्लैट के बाद ही था। डेजी बिल्डिंग से नीचे उतरकर वीडियो बना रही थीं। इसमें वह काफी घबराई हुई दिखीं। डेजी शाह ने बीजेपी का चुनाव प्रचार कर रहे लोगों को लताड़ाआगे डेजी शाह ने एक वीडियो और पोस्ट किया, जिसमें वह पूरी घटना का जिक्र करती हैं। वह बताती हैं कि बीजेपी पार्टी का प्रचार करने वाले कुछ लोग आए थे। जिन्होंने उनकी बिल्डिंग के नीचे पटाखे जलाए थे। एक पटाखा, डेजी शाह के पास वाले फ्लैट में गया और वहां आग लग गई। उस फ्लैट पर बहुत नुकसान हुआ है। इस बात को लेकर डेजी शाह ने चुनाव प्रचार करने वाले लोगों को सोशल मीडिया पर खूब सुनाया। वह पोस्ट में यह भी कहती हैं, 'कई लोग कहेंगे कि किसी पार्टी का नाम क्यों लिया, मेरे कमेंट सेक्शन में भी अंधभक्त बहुत आ जाएंगे। लेकिन मेरे साथ यह गेम मत खेलना।' फैंस ने इस पूरे मामले पर सपोर्ट भी किया। उनकी आखिरी हिंदी फिल्म 'मिस्ट्री ऑफ द टैटू' थी। इस साल उनकी एक फिल्म 'बिहू अटैक' आएगी। इस फिल्म की शूटिंग चल रही है।

# राहुल मोदी से अफेयर श्रद्धा ने बोलीं- मैं विवाह करूंगी





अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की शादी की चर्चाओं को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हर कोई जानना चाहता है कि श्रद्धा कब और किससे शादी करेंगी? इस बीच अब एक्ट्रेस ने अपनी शादी को लेकर एक फैन को जवाब दिया है। जानिए उन्होंने क्या कहाश्रद्धा कपूर बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा और जबरदस्त फैन फॉलोइंग वाली एक्ट्रेस मानी जाती हैं। यही नहीं भी श्रद्धा वो इंडस्ट्री की मोस्ट डिजायरेबल बैचलर्स एक्ट्रेस में से भी एक हैं। राहुल मोदी के साथ कथित रिलेशनशिप की खबरों के बाद फैंस उनकी शादी का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब आखिर श्रद्धा ने एक फैन को जवाब देते हुए अपनी शादी पर चुप्पी तोड़ी है और शादी पर बात की है। जानिए श्रद्धा ने अपनी शादी को लेकर क्या कुछ कहा और फैन को ऐसा क्या जवाब दिया, जो अब वायरल है...श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने ज्वेलरी ब्रांड का एक प्रमोशनल वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में अभिनेत्री यह बताती नजर आ रही हैं कि आंकड़े बताते हैं कि ज्यादातर ब्रेकअप वैलेंटाइन डे के आसपास होते हैं। शरारती अंदाज में कहती हैं कि लोग प्यार के इस मौसम में अकेले रहने से बचने के लिए उनके गिफ्ट खरीद सकते हैं। अपने वीडियो के कैप्शन में ने फैंस से यही पूछा है, 'किस किसका ब्रेकअप वैलेंटाइन के करीब हुआ है?

# दिलजीत दोसांझ के जन्मदिन पर 2' की कास्ट ने किया विश







दिलजीत दोसांझ आज अपना 42वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास अवसर पर 'बॉर्डर 2' की कास्ट वरुण धवन, अहान शेट्टी और सोनम बाजवा के अलावा सुनील शेट्टी ने भी एक्टर को बधाई दी है। अभिनेता दिलजीत दोसांझ इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। आज दिलजीत अपना 42वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर वरुण धवन, अहान शेट्टी, सुनील शेट्टी सहित कई स्टार्स ने दिलजीत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।अहान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिलजीत के साथ एक खास वीडियो शेयर किया। इसमें दोनों एक दूसरे को गले लगाते नजर आ रहे हैं। अहान ने इस वीडियो के साथ लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो, दिलजीत सर। इस पूरे सफर में हमेशा इतना दयालु और सहयोगी रहने के लिए धन्यवाद।' वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ एक साथ फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। वरुण ने दिलजीत के लिए एक्स पर लिखा, 'आपको जन्मदिवस की शुभकामनाएं। पाजी, बहुत मजा आया आपके साथ काम करके।'सोनम बाजवा ने भी दिलजीत को जन्मदिन पर बधाई दी। दोनों ने कई प्रोजेक्ट्स में साथ काम किया है। सोनम बाजवा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिलजीत के साथ एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर शेयर करते हुए सोनम ने लिखा, 'दुनिया भर के दिलों पर राज करने वाले शख्स को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' सोनम और दिलजीत ने तीन फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें 'सरदारजी 2', 'सुपर सिंह', और 'हौंसला रख' शामिल हैं। अब दोनों जल्द 'बॉर्डर 2' में भी साथ नजर आएंगे। सुनील शेट्टी ने दिलजीत दोसांझ को उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो दिलजीत।

# क्राइम डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'हनीमून हत्या' की रिलीज डेट हुई तय,




एक नई क्राइम डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'हनीमून से हत्या' जल्द ही रिलीज होने वाली है। यह एक नई क्राइम डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जिसका नाम 'हनीमून से हत्या: व्हाई वुमन किल' है। इसे सच्ची घटनाओं पर आधारित बताया जा रहा है। एएनआई के अनुसार, इस सीरीज में उन डरावनी कहानियों को दिखाया जाएगा, जिनमें रियल लाइफ में पत्नियों ने अपने पतियों की हत्या की है। यह बाहर से खुशहाल दिखने वाली शादियों के अंदर के काले सच को उजागर करती है और पूछती है कि महिलाएं हत्या क्यों करती हैं?यह भारत के कुछ चर्चित और चौंकाने वाले असली मामलों पर बनी है। ये सभी मामले देश में काफी सुर्खियां बटोर चुके हैं और रिश्तों में छिपे संघर्षों को दिखाते हैं। सीरीज में इन घटनाओं की गहराई से जांच, इंटरव्यू और सीन रीक्रिएशन दिखाए जाएंगे। इसके कुल 5 एपिसोड हैं। इसमें मुख्य रूप से ये केस शामिल हैं-मेघालय का सोनम और राजा रघुवंशी मामला (हनीमून के दौरान हत्या)।मेरठ का नीला ड्रम कांड (पवंडी का इन्फ्लुएंसर मामला (यूट्यूबर रवीना ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की)।मुंबई का नालासोपारा टाइल कांड (पत्नी ने पति को मारकर घर में टाइल्स के नीचे दफना दिया)।यह सीरीज वैवाहिक जीवन के दबाव, रिश्तों की दरारें और घर के अंदर के मौन संघर्षों को दिखाएगा।

# लिंकअप की खबरों पर मिस्ट्री गर्ललिखा कार्तिक आर्यन का नाम

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी फिल्म से इतर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। गोवा में छुट्टियां मनाने के बाद कार्तिक आर्यन के नाम एक नई मिस्ट्री गर्ल से जोड़ा जा रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने अंदाजा लगाया कि दोनों साथ में छुट्टियां मनाकर लौटे हैं। अब इन खबरों के ज्यादा फैलने पर मिस्ट्री गर्ल गर्ल ने कार्तिक के साथ अपने रिश्ते पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। यही नहीं मिस्ट्री गर्ल ने सीधे इंस्टाग्राम के बायो में ही इस बारे में सार्वजनिक रूप से लिख दिया है।जिस मिस्ट्री गर्ल के साथ कार्तिक आर्यन का नाम जोड़ा जा रहा है, उसका नाम करीना कुबिलियुटे है। अब करीना ने कार्तिक के साथ अपना नाम जोड़े जाने पर ये स्पष्ट किया है कि वो कार्तिक आर्यन को जानती तक नहीं हैं। करीना ने अपने इंस्टाग्राम बायो में लिखा है, 'मैं कार्तिक को नहीं जानती।' हालांकि, इससे पहले भी करीना ने कार्तिक से अपना नाम जोड़े जाने पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने एक पोस्ट पर कमेंट करके लिखा था कि 'मैं उसकी गर्लफ्रेंड नहीं हूं। लोइस भाई चुप रहो।' जाहिर है कि करीना बार-बार खबरों को झुठला रही हैं और कार्तिक से अपना परिचय तक न होने की बात कह रही हैं।करीना की ओर से इन खबरों पर बार-बार स्पष्टीकरण दिया जा रहा है। लेकिन अब तक कार्तिक आर्यन की ओर से इस पूरे मामले पर कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। हालांकि, इससे पहले कार्तिक आर्यन का नाम उनकी आगामी फिल्म की हीरोइन श्रीलीला के साथ जोड़ा जा र






हा था। श्रीलीला कार्तिक आर्यन के साथ अनुराग बसु के निर्देशन में बन रही आगामी फिल्म में उनके साथ नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे पहले 2025 में रिलीज करने की योजना थी, लेकिन फिलहाल अब ये फिल्म 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है। फिल्म का ऑफिशियल टाइटल अभी तक सामने नहीं आया है। लोग इसे पहले 'आशिकी 3' बता रहे थे। अब इसका टाइटल 'तू मेरी जिंदगी है' बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक कंफर्म नहीं है। करीना और कार्तिक के लिंकअप की खबरें तब शुरू हुईं जब सोशल मीडिया पर यूजर्स ने दोनों की बीच पर शेयर की गई तस्वीरों में मिलते-जुलते बैकग्राउंड, तौलिये के पैटर्न और एंगल को नोटिस किया। कुछ यूजर्स ने तो यहां तक बता डाला कि दोनों गोवा के सेंट रेजिस होटल में मौजूद थे, जिससे दोनों के एक साथ छुट्टियां मनाने की संभावना पर ध्यान गया। हालांकि, इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई। कहा तो ये भी जा रहा है कि पहले दोनों एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो कर रहे थे, लेकिन अब नहीं कर रहे हैं।वर्कफ्रंट की बात करें तो कार्तिक आर्यन की हालिया रिलीज फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई और औंधे मुंह गिरी है। इस फिल्म में कार्तिक के साथ अनन्या पांडे, नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ

## Bonus Market Update: लाल निशान पर खुला शेयर बाजार

# सेंसेक्स 185 अंक टूटा, निफ्टी में भी गिरावट



भारतीय शेयर बाजार ने आज कमजोर शुरुआत की। कारोबारी सत्र की शुरुआत में ही बाजार लाल निशान पर खुला, जहां सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट देखने को मिली सुबह के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स करीब 185 अंक टूटकर 84,878 के स्तर पर खुला। वहीं एनएसई निफ्टी लगभग 53 अंकों की गिरावट के साथ 26,125 के आसपास कारोबार करता नजर आया। बाजार में यह गिरावट बीते कारोबारी सत्र की कमजोरी के असर के कारण देखी जा रही है। मंगलवार को भी शेयर बाजार दबाव में रहा था, जहां सेंसेक्स करीब 376 अंक गिरकर बंद हुआ था।

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला। वहीं पिछले दिन मंगलवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 376.28 अंक गिरकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 71.60 अंक गिरकर 26,178.70 अंक पर आ गया। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भी लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 184.74 अंक या 0.22 प्रतिशत गिरकर 84,878.60 पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 53 अंक या 0.20 प्रतिशत गिरकर 26,125.70 अंक पर आ गया।

## रिलायंस के रूसी तेल नहीं खरीदने से कई वर्षों में सबसे कम रहेगा

# आयात, दावा- तीन हफ्तों से नहीं पहुंची खेप

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रूस से तेल खरीदने के दावे को खारिज कर दिया है और बयान जारी कर कहा है कि बीते तीन हफ्ते से रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी में रूसी तेल की कोई खेप नहीं पहुंची है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के रूस से कच्चे तेल नहीं खरीदने से जनवरी में रूसी तेल का आयात कई वर्षों के निचले स्तर पर आ सकता है। रिलायंस ने कहा, उसे रूस से तेल की कोई भी खेप जनवरी में मिलने की उम्मीद नहीं है।




रिलायंस का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रविवार को दी गई उस चेतावनी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस से तेल खरीदने के कारण अमेरिका भारत पर आयात शुल्क और बढ़ा सकता है। रिलायंस ने सोशल मीडिया पर कहा, पिछले तीन सप्ताह से रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी में रूसी तेल की कोई खेप नहीं पहुंची है।दरअसल, 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत रियायती दरों पर मिलने वाले रूसी समुद्री कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा। तब से अब तक भारत ने रूस से 144 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा है।

## वित्त मंत्रालय ने ₹17 लाख करोड़ से अधिक की 852 पीपीपी

# परियोजनाओं का रोडमैप जारी किया, जानिए मकसद

वित्त मंत्रालय ने ₹17 लाख करोड़ से अधिक की 852 PPP परियोजनाओं का रोडमैप जारी किया है। वित्त वर्ष 2026 से शुरू होने वाली इस योजना में सड़क मंत्रालय और आंध्र प्रदेश की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। देश में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने और निजी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक बड़ी घोषणा की है। मंत्रालय ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत कार्यान्वित की जाने वाली 852 परियोजनाओं की तीन साल की पाइपलाइन का खाका पेश किया है। इनकी कुल अनुमानित लागत 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह कदम केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं के अनुरूप उठाया गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (DEA) की ओर से तैयार की गई यह योजना वित्त वर्ष 2026 से शुरू होगी।




मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इन परियोजनाओं में केंद्र सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकारों दोनों की हिस्सेदारी है। कुल राशि में से केंद्रीय अवसंरचना मंत्रालय 13.15 लाख करोड़ रुपये के व्यय वाली 232 पीपीपी परियोजनाओं का नेतृत्व करेंगे। वहीं, 20 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश मिलकर 3.84 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली 620 परियोजनाओं का कार्यान्वयन करेंगे। सड़क और ऊर्जा क्षेत्र पर सबसे बड़ा दांव केंद्रीय मंत्रालयों के पोर्टफोलियो पर नजर डालें तो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का दबदबा कायम है।

## बीसीसीएल के आईपीओ से कोल इंडिया को 600 करोड़

# रुपये से अधिक के मुनाफे की उम्मीद, कंपनी का है यह प्लान

कोल इंडिया को अपनी सब्सिडियरी बीसीसीएल के आईपीओ से 600 करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा होने की उम्मीद है। 21-23 रुपये के प्राइस बैंड वाला यह इश्यू 2026 का पहला मेनबोर्ड आईपीओ होगा जो 9 जनवरी को खुलेगा। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज खनन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड अपनी सहायक इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की शेयर बाजार में लिस्टिंग के जरिए बड़ा मुनाफा कमाने की तैयारी है। आगामी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के जरिए कोल इंडिया बीसीसीएल में अपनी 10 प्रतिशत हिस्सेदारी का विनिवेश कर रही है,



इससे उसे 600 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ होने का अनुमान है। यह 2026 का पहला मेनबोर्ड आईपीओ होगा, जिसका उद्देश्य कंपनी की वैल्यू अनलॉकिंग करना है। कंपनी की रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (आरएचपी) के अनुसार, आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 21-23 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कोल इंडिया के लिए बीसीसीएल के शेयरों की भारित औसत अधिग्रहण लागत 10 रुपये प्रति शेयर है।

# Gold Silver Price

## चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल; 2.5 लाख रुपये के पार भाव

एमसीएक्स पर चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, भाव ₹2,49,888 प्रति किलोग्राम के पार चली गई है। जानें भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोने-चांदी की कीमतों में आई इस तेजी का पूरा विश्लेषण और बाजार का भविष्य। वैश्विक बाजारों से मिल रहे मजबूत संकेतों और घरेलू मांग में उछाल के चलते भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को ऐतिहासिक तेजी देखी गई। दिल्ली के हाजिर बाजार में चांदी ने ₹2.51 लाख प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर लिया है, जबकि सोना भी ₹1,41,500 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया है। सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख के कारण कीमतों में इजाफा हुआ है। ऑल इंडिया सराफा




के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में चांदी की कीमतों में मंगलवार को ₹7,000 की भारी बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही चांदी ₹2,51,000 प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह लगातार तीसरा दिन है जब चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बना हुआ है।

## 10 रुपये का सिगरेट, अब कितने का?

# सरकार के नए फैसले से इतनी बढ़ जाएगी कीमत

अगर आप आज ₹10 वाली सिगरेट पीते हैं तो इस नए साल में आपकी आदत महंगी पड़ सकती है। केंद्र सरकार ने तंबाकू उत्पादों पर GST के अलावा नई एक्साइज ड्यूटी लागू करने का फैसला किया है, जो 1 फरवरी 2026 से लागू होगी। इसका असर सिगरेट की खुदरा कीमतों पर साफ़ दिखेगा और विशेषज्ञों की मानें तो सिगरेट के दाम लगभग 15% से 40% तक बढ़ सकते हैं क्योंकि टैक्स वधा्ंइ का बोझ कंपनियां या तो खुद उठाएंगी या उपभोक्ताओं पर डालेंगी। इससे आज ₹10 वाली सिगरेट करीब ₹12–₹14 या उससे भी ज़्यादा में बिक सकती है, जबकि ₹20 वाली सिगरेट के दाम भी इसी अनुपात में बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।



सरकार ने तंबाकू का सेवन कम करने और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को देखते हुए टैक्स स्ट्रक्चर में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत सिगरेट की लंबाई और प्रकार के आधार पर अलग-अलग एक्साइज ड्यूटी लगेगी, जिससे लंबे और प्रीमियम सिगरेट के दाम सबसे ज्यादा बढ़ सकते हैं।

## एसी, मिक्सर ग्राइंडर, कुकवेयर. सब हो जाएंगे महंगे


# लाल धातु ने क्यों बढ़ाई टेंशन?

आने वाले दिनों में एसी, मिक्सर-ग्राइंडर, कुकवेयर और अन्य घरेलू सामानों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर असर पड़ने वाला है। इसकी बड़ी वजह लाल धातु यानी तांबे (Copper) की कीमतों में तेज़ उछाल है। तांबा इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल वायरिंग, किचन अप्लायंसेज़ और कुकवेयर बनाने में अहम कच्चा माल माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तांबे की कीमतें बढ़ने, चीन और अन्य देशों से मांग मजबूत रहने, सप्लाई चेन में बाधाओं और खनन लागत बढ़ने के कारण इसकी कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है।



उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि तांबे की बढ़ती लागत का सीधा असर मैन्युफैक्चरिंग खर्च पर पड़ता है, जिसे कंपनियां अंततः उपभोक्ताओं तक पास ऑन कर सकती हैं। ऐसे में लाल धातु की महंगाई ने न सिर्फ उद्योग बल्कि आम लोगों की टेंशन भी बढ़ा दी है।

## Shikhar Dhawan-Sophie Shine Wedding: आयरिश गर्लफ्रेंड से शादी करने जा रहे गब्बर?



पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन फरवरी में अपनी आयरिश गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से दिल्ली-एनसीआर में शादी करने जा रहे हैं। दोनों की मुलाकात दुबई में हुई थी और पिछले एक साल से वे साथ रह रहे हैं। यह शादी उनके जीवन की नई शुरुआत मानी जा रही है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार ओपनर शिखर धवन अपनी जिंदगी की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिखर धवन फरवरी में अपनी लंबे समय से गर्लफ्रेंड रही सोफी शाइन के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। यह शादी फरवरी के तीसरे हफ्ते में दिल्ली-एनसीआर में होगी, जिसमें क्रिकेट और बॉलीवुड जगत की कई नामी हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, शादी की तैयारियां जोरों पर हैं। हालांकि कपल ने अभी तक आधिकारिक तौर पर ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। बताया जा रहा है कि यह एक भव्य, लेकिन निजी समारोह होगा, जिसमें सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल होंगे। एचटी सिटी से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'यह दोनों के लिए एक नई शुरुआत है और वे इसे शांति, खुशी और कृतज्ञता के साथ जी रहे हैं।' सूत्र के मुताबिक, शिखर धवन खुद शादी की प्लानिंग में सक्रिय रूप से शामिल हैं और चाहते हैं कि यह समारोह उनके जीवन के इस नए दौर को सही मायनों में दर्शाए। सोफी शाइन आयरलैंड की नागरिक हैं और फिलहाल शिखर धवन फाउंडेशन की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। यह फाउंडेशन शिखर धवन के स्पोर्ट्स और सोशल वेंचर्स समूह की परोपकारी शाखा है। सोफी को सामाजिक कार्यों में गहरी रुचि है और वह बीते कुछ समय से धवन के प्रोफेशनल और पर्सनल सफर का अहम हिस्सा बनी हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शिखर धवन और सोफी शाइन की मुलाकात कुछ साल पहले दुबई में हुई थी।

## Vijay Hazare Trophy: विराट कोहली का अचानक यू-टर्न?

विराट कोहली, ऋषभ पंत और हर्षित राणा, तीनों को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, जिसकी शुरुआत 11 जनवरी से होगी। भारतीय टीम के सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली दिल्ली की ओर से रेलवे के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के ग्रुप-डी मुकाबले में नहीं खेल रहे हैं। इस बात की पुष्टि दिल्ली टीम के हेड कोच सरनदीप सिंह ने पहले ही कर दी थी और अब मंगलवार को मैच में दिल्ली के खिलाफ रेलवे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। प्लेइंग-11 में भी कोहली नहीं दिखे। ऋषभ पंत ही टीम की कमान संभाल रहे हैं। हालांकि, कुछ समय पहले यह पुष्टि हुई थी कि कोहली विजय हजारे का एक और मैच खेलेंगे और संभवत: छह जनवरी वाला मैच ही होगा। विराट कोहली, ऋषभ पंत और हर्षित राणा, तीनों को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, जिसकी शुरुआत 11 जनवरी से होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि कोहली राष्ट्रीय टीम से जुड़ने की तैयारी में हैं और इसी वजह से वह विजय हजारे ट्रॉफी का यह मुकाबला नहीं खेल रहे हैं। विराट कोहली ने इस सीजन विजय हजारे ट्रॉफी में केवल दो मुकाबले खेले, लेकिन दोनों में ही उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। कोहली ने एक मैच में 131 रन की शतकीय पारी खेली थी, जबकि दूसरे मुकाबले में 77 रन बनाए थे। उनके इस प्रदर्शन ने यह दिखा दिया कि वह घरेलू क्रिकेट में भी पूरी तरह फिट और फॉर्म में हैं। दिल्ली टीम फिलहाल ग्रुप-डी में पांच मैचों में चार जीत के साथ शीर्ष पर बनी हुई है।



## Dhoni-Sakshi Photos: पार्टी में साक्षी-धोनी का रोमांटिक अंदाज!



साक्षी सिंह धोनी द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा की गई तस्वीरों में एमएस धोनी के साथ उनका रोमांटिक और मस्ती भरा अंदाज नजर आ रहा है। डांस और क्यूट पोज वाली इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। सादगी, स्टाइल और मजबूत बॉन्ड के चलते फैंस इस कपल को कपल गोल्स बता रहे हैं। भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी भले ही मैदान से दूर हों, लेकिन उनकी लोकप्रियता आज भी फैंस के सिर चढ़कर बोलती है। इसी बीच उनकी पत्नी साक्षी सिंह धोनी ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में धोनी और साक्षी का रोमांटिक और मस्ती भरा अंदाज साफ देखने को मिल रहा है। साक्षी सिंह धोनी ने इन तस्वीरों के साथ यह साफ नहीं किया है कि ये कब और कहां की हैं। हालांकि, तस्वीरों में दिख रहा माहौल किसी पार्टी या खास गेट-टुगेदर का लगता है। खूबसूरत इंटीरियर, म्यूजिक और दोस्तों की मौजूदगी इन पलों को और खास बना रही है। साक्षी ने इंस्टाग्राम स्टोरी में संभव दीवान को बर्थडे विश किया है। ऐसे में पार्टी उनके बर्थडे की ही जान पड़ती है। तस्वीरों में एमएस धोनी अपनी पत्नी साक्षी के साथ बेहद कूल और रिलैक्स्ड नजर आ रहे हैं। कहीं दोनों साथ बैठकर मुस्कुराते हुए पोज दे रहे हैं, तो कहीं डांस करते हुए और केक खाते हुए मस्ती के पल कैमरे में कैद हुए हैं। धोनी का यह अंदाज फैंस के लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं है, क्योंकि आमतौर पर वह अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर ही रखते हैं। साक्षी सिंह धोनी इन तस्वीरों में स्टाइलिश आउटफिट में नजर आ रही हैं, जबकि धोनी का सिंपल और कैजुअल लुक हमेशा की तरह दिल जीत रहा है। बिना किसी तामझाम के, दोनों की सादगी और आपसी बॉन्ड फैंस को खूब पसंद आ रहा है। यही वजह है कि ये तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं।

## टी20 विश्व कप से पहले PCB का बड़ा फैसला

### श्रीलंका सीरीज के लिए बाबर आजम और शाहीन अफरीदी बाहर

टी20 विश्व कप 2026 से पहले पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बाबर आजम, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ को टीम से बाहर रखा है। टी20 विश्व कप 2026 से ठीक एक महीने पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने बड़ा और चौंकाने वाला फैसला लिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम में स्टार बल्लेबाज बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को शामिल नहीं किया है। इनके अलावा मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। यह फैसला क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि यह सीरीज टी20 विश्व कप से पहले तैयारी का अहम मौका मानी जा रही थी। पीसीबी के मुताबिक बाबर आजम, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ इस समय ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में अपने फ्रेंचाइजी अनुबंध पूरे कर रहे हैं। बोर्ड ने इन खिलाड़ियों को समय से पहले वापस बुलाने के बजाय उनके लीग कमिटमेंट का सम्मान करने का फैसला किया। इसी वजह से ये सभी खिलाड़ी श्रीलंका दौरे के लिए उपलब्ध नहीं हो पाए। श्रीलंका दौरे के लिए घोषित टीम में सलमान अली आगा को कप्तान बनाया गया है, जो टीम में नए प्रयोग और बदलाव की ओर इशारा करता है। यह सीरीज सात जनवरी से 11 जनवरी तक दांबुला में खेली जाएगी। इस टीम में शादाब खान की वापसी हुई है, जो कंधे की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन पूरा कर चुके हैं। उन्होंने आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जून में खेला था। इसके अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज ख्वाजा नफे को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है, जो पीसीबी की युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने की रणनीति को दर्शाता है।

## T20 WC: 'हम सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मौजूदा हालात को देखते हुए भारत में टी20 विश्व कप खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई है। बीसीबी का कहना है कि अगला कदम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जवाब पर निर्भर करेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने सोमवार को कहा कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए भारत में टी20 विश्व कप खेलने के लिए राष्ट्रीय टीम को भेजना सुरक्षित नहीं लग रहा है। अमिनुल का यह बयान ऐसे समय आया है, जब बीसीबी ने एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से औपचारिक रूप से अनुरोध किया था कि बांग्लादेश के टी20 विश्व कप मुकाबलों को भारत से बाहर स्थानांतरित किया जाए। यह कड़ा कदम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से रिलीज किए जाने के बाद उठाया गया। अमिनुल ने कहा, 'आप जानते हैं कि इस फैसले से पहले हमने बोर्ड के सभी निदेशकों के साथ दो बैठकें की थीं। इस समय हम अपनी टीम को विश्व कप खेलने के लिए भारत भेजने में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।






# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

